# श्रीगंगानगर ज़िले में राज सखी कैफे का शुभारंभ

## चर्चा में क्यों?

23 दिसंबर, 2022 को राजस्थान के श्रीगंगानगर ज़िला प्रभारी एवं आपदा प्रबंधन मंत्री गोविंद राम मेघवाल ने राजीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित खाद्य उत्पादों को एक छत के नीचे उपलब्ध करवाने हेतु राज सखी कैफे का शुभारंभ किया।

## प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर ज़िला कलक्टर सौरभ स्वामी ने बताया कि महिलाएँ समूह में जुड़ कर पीएनबी आरसेटी से ट्रेनिंग लेकर अपने गाँव में स्वरोज़गार शुरू कर हस्तनिर्मित उत्पाद बना रही हैं। इन समूह की सदस्यों के आजीविका संवर्धन हेतु राजीविका द्वारा राज सखी कैफे की शुरुआत की गई है।
- उन्होंने बताया कि सिरकारी कार्यालयों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार खाद्य पदार्थों को प्रशिक्षण और बैठक के दौरान ऑर्डर के लिये प्रेरित किया जाएगा, ताकि महिलाओं का आजीविका में बढ़ोतरी हो सके।
- राजीविका ज़िला परियोजना प्रबंधक डॉ. दीपाली शर्मा ने इस पहल को इलाके के लिये शुभ करार देते हुए बताया कि आमजन भी राजीविका राज सखी कैफे में आकर इन महिलाओं द्वारा बनाए खाद्य उत्पादों को खाकर इनका हौसला बढ़ाएँ। इसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित खाद्य उत्पाद चाय, कचोरी, समोसा, कुकीज, भेलपूरी, सैंडविच, वेज बर्गर, पकौड़ा इत्यादि विक्रय हेतु उपलब्ध रहेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/raj-sakhi-cafe-inaugurated-in-sriganganagar-district